# यूनेस्को के महानिदेशको के नाम और उनके कार्यकाल की सूची (1946-2018)

**यूनेस्को किसे कहते है?**

यूनेस्को (UNESCO) का पूरा नाम ‘संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (United Nations Educational Scientific and Cultural Organization)’ है। यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र का एक घटक निकाय है, जिसका काम शिक्षा, पर्यावरण व समाज विज्ञान, संस्कृति तथा संचार के माध्यम से अंतराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र की इस विशेष संस्था का उद्देश्य शिक्षा एवं संस्कृति के अंतरराष्ट्रीय सहयोग से शांति एवं सुरक्षा की स्थापना करना है, ताकि संयुक्त राष्ट्र के घोषणापत्र में वर्णित न्याय, कानून का राज, मानवाधिकार एवं मौलिक स्वतंत्रता हेतु वैश्विक सहमति बन पाए।

| | |
|---|---|
| **मुख्यालय** | पेरिस (फ्रांस) |
| **स्थापना** | 16 नवंबर 1945 |
| **कुल सदस्य देश** | 195 (विकिपीडिया के अनुसार) |
| **वर्तमान अध्यक्ष** | ऑद्रे अजोले (**फ्रांस**) |
| **प्रथम अध्यक्ष** | जूलियन हक्सले (**ग्रेट ब्रिटेन**) |

**यूनेस्को का इतिहास व् सदस्य देश:**

यूनेस्को का गठन 16 नवम्बर 1945 को हुआ था। यूनेस्को का मुख्यालय फ्रांस की राजधानी पैरिस में स्थित है। यूनेस्को के 195 सदस्य देश हैं, इसके साथ ही 07 सहयोगी सदस्य तथा दो पर्यवेक्षक सदस्य देश भी शामिल हैं। इसके ज्यादार क्षेत्रीय कार्यालय क्लस्टर के रूप में है, जिसके अंतर्गत 3 या 4 देश आते हैं, इसके अलावा इसके राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कार्यालय भी हैं। यूनेस्को के 27 क्लस्टर कार्यालय और 21 राष्ट्रीय कार्यालय हैं।

यह संस्था मुख्य रूप से शिक्षा, प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक एवं मानव विज्ञान, संस्कृति एवं सूचना व संचार के जरिये अपनी गतिविधियां संचालित करता है। वह साक्षरता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों को प्रायोजित करता है और वैश्विक धरोहर की इमारतों और पार्कों के संरक्षण में भी सहयोग करता है। **यूनेस्को की विरासत सूची** में भारत के कई ऐतिहासिक इमारत और पार्क शामिल हैं। यूनेस्को के संबंध दुनियाभर के 332 अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठनों के साथ

हैं। **भारत** वर्ष 1946 से यूनेस्को का सदस्य देश बना हुआ है। वर्ष 2017 में **संयुक्त राज्य अमेरिका** एवं **इज़राइल** ने यूनेस्को की सदस्यता से खुद को अलग करने की घोषणा की थी।

**यूनेस्को की वर्तमान महानिदेशक:**

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की वर्तमान महानिदेशक ऑंद्रे अजोले हैं। यूनेस्को की 58 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड ने 13 अक्टूबर, 2017 को फ्रांस की पूर्व संस्कृति मंत्री ऑंद्रे जुओले (Audrey Azoulay) को संगठन के महानिदेशक (Director General) पद के लिए नामित किया गया था। उन्होंने इस पद पर नवम्बर 2017 से **बुल्गारिया** की इरिना बोकोवा (Irina Bokova) का स्थान ग्रहण किया था।

## **यूनेस्को के महानिदेशको की सूची: (**1946-2018)

| **नाम** | **कार्यकाल अवधि** | **देश** |
|---|---|---|
| ऑंद्रे अज़ौले (Audrey Azoulay) | 2017–वर्तमान | फ्रांस |
| इरिना बोकोवा (Irina Bokova) | 2009–2017 | बुल्गारिया |
| कोइचिरो मत्सूरा (Koïchiro Matsuura) | 1999–2009 | **जापान** |
| फेडेरिको मेयर ज़ारागोज़ा (Federico Mayor Zaragoza) | 1987–1999 | **स्पेन** |
| अमादौ-महतर एमबाउ (Amadou-Mahtar M'Bow) | 1974–1987 | **सेनेगल** |
| रेने माहे (René Maheu) | 1961–1974 | फ्रांस |
| वित्तोरिनो वेरोनेसे (Vittorino Veronese) | 1958–1961 | **इटली** |
| लूथर इवांस (Luther Evans) | 1953–1958 | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| जॉन विल्किन्सन टेलर (John Wilkinson Taylor) | 1952–1953 (कार्यवाहक) | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| जैम टोरेस बोडेट (Jaime Torres Bodet) | 1948–1952 | **मेक्सिको** |
| जूलियन हक्सले (Julian Huxley) | 1946–1948 | ग्रेट ब्रिटेन |